# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय में 60 सफाई कर्मचारियों को वितरित की गई स्वच्छता किट</u>

पंतनगर। 4 फरवरी 2026। विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, शैक्षणिक डेयरी एवं कुक्कुट फार्म तथा पशुपालन प्रबंध विभाग की प्रदर्शन इकाई में कार्यरत सफाई कर्मचारियों हेतु स्वच्छता किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा संचालित ऑल इण्डिया नेटवर्क प्रोजेक्ट ऑन वन हैल्थ के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप–योजना के अंर्तगत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय डा. ए.एच. अहमद ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल और समाज को सुरक्षित रखने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता सबसे सशक्त हथियार है। उन्होंने स्वच्छता को रोगों की रोकथाम का प्राथमिक आधार बताया।

परियोजना अन्वेषक डा. अजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य पशु, मानव और पर्यावरण स्वास्थ्य को एक साथ जोड़कर जूनोटिक रोगों (पशुओं से फैलने वाली बीमारियों) की निगरानी और रोकथाम करना है। उन्होंने कहा कि देशभर में 16 इकाईयों के माध्यम से राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है, जिसमें पंतनगर विश्वविद्यालय एक प्रमुख सहयोगी इकाई है। डा. उपाध्याय ने बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट का समन्वय केंद्र भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), इज्जतनगर है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों की ओर से श्री प्रकाश ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया तथा इसे सुरक्षा के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम का समन्वय सह–अन्वेषक डा. राजीव रंजन कुमार और धन्यवाद ज्ञापन सह–अन्वेषक डा. मानसी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कुल 60 सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट वितरित की गयी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

